जसवंत मॉडर्न सीनियर सेकेंड्री विद्यालय कक्षा ३ (शीतकालीन अवकाश कार्य)

१. निम्न वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए।

क. यह गिलास खाली है। ख. आज दिन है। ग. राजा अमीर है।

घ. यह रास्ता सीधा है। ड़. हाथी ताकतवर है। च. गाड़ी धीमी चल रही है।

छ. यह घर ऊँचा है। ज. बच्चा रो रहा है।

२. निम्न शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो- मेघ, सिंह, संसार, लक्ष्मी, मित्र, तालाब, पर्वत, नदी।

३. नीचे दिए गए वाक्यों में कोष्ठक में से सही शब्द चुनकर लिखिए।

क.____घास खा रहा है। (बैल / गाय) ख. पेड़ के ऊपर_____ बैठा है। (बन्दर / बंदरिया)

ग. ______पढ़ रहा है। (छात्र / छात्रा) घ. तालाब में नहा रहा है। (हथिनी / हाथी)

ड़. ______पढ़ा रही हैं। (शिक्षक / शिक्षिका) च. ____ झाडू लगा रही है। (नौकरानी / नौकर)

४. निम्न मुहावरों का अर्थ लिखकर उनका अपने वाक्यों में प्रयोग करिए।

क. कान भरना ख. लाल पीला होना ग. टांग अड़ाना घ. छूमंतर होना

ड़. कान खड़े होना च. हाथ मिलाना छ. अंग अंग मुस्काना ज. हाथ मलना

५. वाक्य में उचित विराम चिह्न लगाकर वाक्य दोबारा लिखिए।

क. वह बालक वीर साहसी और होशियार है ख. उफ आज तो बहुत गर्मी है

ग. क्या आपने भोजन कर लिया घ. खेल में हार जीत होती रहती है

ड़. रेडियो का आविष्कार किसने किया था च. मीरा को आम केला और अमरुद पसंद है

छ. अरे यह क्या है

६. अगर तुम्हें जादू की छड़ी मिल जाए तो तुम क्या करोगे? (कोई पांच काम के बारे में लिखिए।)

७. अगर पेड़ बोल सकते होते तो वे हमें क्या-क्या संदेश देते? (किहीं पांच बातों के विषय में लिखिए।)

८. अपनी मनपसंद कोई भी एक कहानी का चित्र बनाओ और उसके विषय में लिखो।

९. अपने मनपसंद जानवर या पक्षी के विषय में आठ वाक्य लिखिए और चित्र बनाएं।

१०. अपने पसंदीदा खेल के विषय में एक अनुच्छेद लिखिए।

११. नीचे दिए गए चित्र को देखकर उस पर आठ वाक्य लिखिए।